प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दिनांक– 29/09/2024 समयः 7.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में जल संरक्षण, स्वच्छता और पौधा रोपण को बढ़ावा देने की अपील की।
- डिंडौरी और छतरपुर में जल संरक्षण के लिए महिलाओं द्वारा किये गए प्रयासो को प्रधानमंत्री ने सराहा।
- केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– भारत की वित्तीय स्थिति दुनिया के सभी देशों की तुलना में मजबूत।
- अगले साल 15 जून से होगी फीफा विश्व कप की शुरूआत।

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण, स्वच्छता और पौधा रोपण को बढ़ावा देने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडी में श्री मोदी ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का आग्रह भी किया। उन्होंने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि इस अभियान में देश के बड़े उद्योगों के साथ ही छोटे उद्यमियों का भी अहम योगदान है। इससे निर्धन और मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। अभियान की सफलता से जहां एक ओर निर्यात बढा है वहीं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी आकर्षित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष दो अक्तूबर को स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से संपदा' मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' की चर्चा करते हुए कहा कि इस महा अभियान से आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं जो कि निश्चित रूप से प्रेरणादायी हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना की उपलब्धियों की सराहना की जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक पौधे लगाकर नया रिकार्ड बनाया है।

श्री मोदी ने बुंदेलखंड क्षेत्र में झांसी का उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ महिलाओं ने यहां की घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। इन महिलाओं ने बोरियों में बालू भरकर बांध बनाया और वर्षा जल को बर्बाद होने से रोक दिया। इसी तरह उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में मध्य प्रदेश में डिंडोरी के रयपुरा और छतरपुर की महिलाओं के प्रयासों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के ऐसे प्रयास देश के प्रत्येक भाग में किए जाने चाहिए जिससे जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी।

मन की बात– डिंडोरी/छतरपुर

मध्य प्रदेश में डिंडोरी जिले की महिलाएं राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्धि पाने के बाद अत्यंत प्रसन्न हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में इन महिलाओं के कार्य का उल्लेख इनके लिए किसी अभूतपूर्व उपलब्धि से कम नहीं है। डिंडोरी जिले में रायपुरा की महिलाओं के लिए गर्व का यह क्षण उनकी वर्षों की कठोर मेहनत का परिणाम है। शारदा महिला स्व–सहायता दल से जुडी महिलाओं ने गांव के तालाब का बेहतर प्रयोग करके आत्मविश्वास का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब ये महिलाएं मत्स्य पालन के जरिए बेहतर आय अर्जित कर रही हैं। शारदा महिला स्व–सहायता दल की अध्यक्ष शारदा ध्रुर्वे ने कहा कि .........
बाइट– 45 सेकंड, शारदा धूर्वे, डिंडौरी

प्रधानमंत्री ने छतरपुर के महिला स्व–सहायता समूह द्वारा तालाब की सफाई कर जल संकट को दूर किये जाने की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि डिंडोरी और छतरपुर में महिलाओं द्वारा जल–संरक्षण के लिए जारी प्रयास सराहनीय और प्रशंसनीय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि देश और प्रदेश के लोग अपने आसपास हो रहे ऐसे प्रयासों से अवश्य जुड़ेंगे।

मोदी सरकार के सौ दिन/विश्वकर्मा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बुरहानपुर जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। इस योजना के लाभार्थी लक्ष्मण गिरणारे ने बताया कि ....
बाइट : 35 सेकंड, लक्ष्मण गिरणारे, बुरहानपुर

वैष्णव–व्याख्यान

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की वित्तीय स्थिति दुनिया के सभी देशों की तुलना में सबसे मजबूत है। आज नई दिल्ली में संकल्प न्यास प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के 10वें संस्करण के सत्र को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि अन्य देशों के तुलना में भारत में उच्च वृद्धि और मुद्रास्फीति की निम्न दर है। श्री वैष्णव ने आर्थिक विकास के चार स्तंभों–बुनियादी ढांचे में निवेश, समावेशी विकास, विनिर्माण और कानूनों का सरलीकरण का भी उल्लेख किया। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की सबसे उन्नत भुगतान प्रणाली है।

विश्व हृदय दिवस–सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व हृदय दिवस, अनुशासित जीवन शैली–पोषक आहार एवं योग के माध्यम से हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्व हृदय दिवस पर सोशल मीडिया से दिए संदेश में प्रदेशवासियों से धूम्रपान सहित अन्य उन तत्वों के व्यसन से बचने का आहवान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से हृदय को सुरक्षित रखने के प्रयासों को स्वयं आत्मसात करते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है।

कार्यशाला– शिक्षा मंत्रालय

भारत सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश के स्कूलों की बेहतरी के लिए विश्व बैंक के सहयोग से संचालित स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत कल से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला' का आयोजन भोपाल में होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह इस कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। कार्यशाला में केन्द्रीय सचिव स्कूल शिक्षा और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मध्यप्रदेश सहित 17 प्रदेशों के शिक्षा सचिव, राज्य परियोजना संचालक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

क्रिकेट अकादमी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने आज बेंगलुरु में नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया। विश्व स्तरीय सुविधाओं से लेस यह अकादमी बेंगलुरु में 40 एकड़ से अधिक भूमि पर बनी है। इस अकादमी में कुल तीन विश्व स्तरीय मैदान और 86 पिचें हैं, जिनमें इनडोर और आउटडोर दोनों क्षेत्र शामिल हैं। नवनिर्मित अकादमी में भारतीय ओलंपियनों को अत्याधुनिक खेल विज्ञान और चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होगी।

फीफा 2025

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने फीफा क्लब विश्व कप की तारीखों और टूर्नामेंट के लिए 12 स्थानों की घोषणा की। यह टूर्नामेंट अगले साल 15 जून से शुरु होगा। इस विश्वकप का फाइनल मुकाबला न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने आज भोपाल में अलग–अलग क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।
- नीमच में कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा ने उपार्जन और उर्वरक आपूर्ति के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने खाद की कालाबाजारी की रोकथाम के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।
- पन्ना जिले में आज सुबह से रुक रुक कर बारिश हो रही हे।यहां पिछले तीन दिनों से रुक रुक कर वारिश का दौर चल रहा हे।जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।
- आगरमालवा के अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी आरपी वर्मा ने 3 कारोबारियो पर 75000 रू अर्थदण्ड राशि अधिरोपित की है।
- गुना में ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' जारी है। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में शासकीय कार्यालयों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
- खंडवा में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में एक अक्टूबर को वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

---------------------

मन की बात- डिंडोरी/छतरपुर

मध्य प्रदेश में डिंडोरी जिले की महिलाएं राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्धि पाने के बाद अत्यंत प्रसन्न हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में इन महिलाओं के कार्य का उल्लेख इनके लिए किसी अभूतपूर्व उपलब्धि से कम नहीं है। डिंडोरी जिले में रायपुरा की महिलाओं के लिए गर्व का यह क्षण उनकी वर्षों की कठोर मेहनत का परिणाम है। शारदा महिला स्व-सहायता दल से जुडी महिलाओं ने गांव के तालाब का बेहतर प्रयोग करके आत्मविश्वास का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब ये महिलाएं मत्स्य पालन के जरिए बेहतर आय अर्जित कर रही हैं। शारदा महिला स्व-सहायता दल की अध्यक्ष शारदा ध्रुवे ने कहा कि .........

शारदा धूर्वे, डिंडौरी

प्रधानमंत्री ने छतरपुर के महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तालाब की सफाई कर जल संकट को दूर किये जाने की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि डिंडोरी और छतरपुर में महिलाओं द्वारा जल-संरक्षण के लिए जारी प्रयास सराहनीय और प्रशंसनीय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि देश और प्रदेश के लोग अपने आसपास हो रहे ऐसे प्रयासों से अवश्य जुड़ेंगे।

प्रधानमंत्री-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण, स्वच्छता और पौधा रोपण को बढ़ावा देने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडी में श्री मोदी ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का आग्रह भी किया।

उन्होंने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि इस अभियान में देश के बड़े उद्योगों के साथ ही छोटे उद्यमियों का भी अहम योगदान है। इससे निर्धन और मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। अभियान की सफलता से जहां एक ओर निर्यात बढा है वहीं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी आकर्षित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष दो अक्तूबर को स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से संपदा' मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' की चर्चा करते हुए कहा कि इस महा अभियान से आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं जो कि निश्चित रूप से प्रेरणादायी हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना की उपलब्धियों की सराहना की जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक पौधे लगाकर नया रिकार्ड बनाया है।

श्री मोदी ने बुंदेलखंड क्षेत्र में झांसी का उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ महिलाओं ने यहां की घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। इन महिलाओं ने बोरियों में बालू भरकर बांध बनाया और वर्षा जल को बर्बाद होने से रोक दिया। इसी तरह उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में मध्य प्रदेश में डिंडोरी के रयपुरा और छतरपुर की महिलाओं के प्रयासों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के ऐसे प्रयास देश के प्रत्येक भाग में किए जाने चाहिए जिससे जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी।

(1) मोदी सरकार के सौ दिन/विश्वकर्मा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बुरहानपुर जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। इस योजना के लाभार्थी लक्ष्मण गिरणारे ने बताया कि ....

बाइट : 35 सेकंड, लक्ष्मण गिरणारे, बुरहानपुर

(2) विश्व हृदय दिवस-सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व हृदय दिवस, अनुशासित जीवन शैली-पोषक आहार एवं योग के माध्यम से हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्व हृदय दिवस पर सोशल मीडिया से दिए संदेश में प्रदेशवासियों से धूम्रपान सहित अन्य उन तत्वों के व्यसन से बचने का आहवान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से हृदय को सुरक्षित रखने के प्रयासों को स्वयं आत्मसात करते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है।

(3) कार्यशाला- शिक्षा मंत्रालय

भारत सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश के स्कूलों की बेहतरी के लिए विश्व बैंक के सहयोग से संचालित स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत कल से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला' का आयोजन भोपाल में होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह इस कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। कार्यशाला में केन्द्रीय सचिव स्कूल शिक्षा और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मध्यप्रदेश सहित 17 प्रदेशों के शिक्षा सचिव, राज्य परियोजना संचालक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।